# ज़रीन खान का गाना 'प्यार में हैं हम' रिलीज




टी-सीरीज़ प्रस्तुत रोमांटिक गाना 'प्यार में हैं हम' रिलीज हो गया है.

गाना 'प्यार में हम' में ज़रीन खान और भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह नज़र आ रहे हैं. इस गीत को पवन सिंह और पायल देव ने गाया है, संगीत भी पायल देव का है और इसके बोल कुनाल वर्मा ने लिखे हैं. यह धुन बारिश के मौसम में प्यार के जादू को खूबसूरती से बयां करती है.

इस म्यूज़िक वीडियो की कहानी एक फिल्म सेट की पृष्ठभूमि पर आगे बढ़ती है, जहां रील और रियल का संगम दिखता है और एक रोमांस पर्दे पर ज़िंदगी पा लेता है. ज़रीन खान की खूबसूरत साड़ियों में अदाएं दर्शकों को मोहित करती हैं, वहीं पवन सिंह अपनी आवाज़ और स्क्रीन प्रेज़ेंस से एक बार फिर सबका दिल जीत लेते हैं.

पवन सिंह ने कहा, इस गाने का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहतरीन अनुभव रहा और ज़रीन के साथ काम करना इसे और भी खास बना दिया. पायल देव के साथ यह सहयोग मज़ेदार और यादगार रहा. गाने में बहुत गहरी भावनाएं हैं और मुझे यक़ीन है कि दर्शक इससे गहराई से जुड़ पाएंगे.

ज़रीन खान ने कहा , मुझे इस गाने की शूटिंग बेहद पसंद आई . बारिश, रोमांस और सेट का पूरा माहौल इतना खूबसूरत था कि सब कुछ जादू जैसा लग रहा था. साड़ी हमेशा एक बहुत ही ग्रेसफुल लुक देती है और जब इसे इतने रोमांटिक गाने के साथ जोड़ा जाए तो यह और भी खास बन जाता है. पवन जी ने अपनी आवाज़ से वाकई जादू रच दिया है और मैं चाहती हूं कि दर्शक भी इसे स्क्रीन पर महसूस करें.




# 27 अगस्त को रिलीज होगी 'वश विवश लेवल 2'

गुजराती सुपरनैचुरल थ्रिलर 'वश' की अगली कड़ी 'वश विवश लेवल 2' 27 अगस्त को रिलीज होगी.

वर्ष 2023 में रिलीज़ हुई फिल्म 'वश' ने न सिर्फ़ रिकॉर्ड तोड़े बल्कि सर्वश्रेष्ठ गुजराती फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता और गुजराती सिनेमा को नया आयाम दिया.'वश' की अगली कड़ी 'वश विवश लेवल 2' 27 अगस्त को रिलीज होने वाली है.रिलीज़ से पहले फिल्म के कलाकार जानकी बोडीवाला, हितेन कुमार, हितु कनोडिया और मोनल गज्जर दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की, फैंस से मुलाकात की और शहर की गलियों, बाजारों और खाने का लुत्फ़ उठाया.

फिल्म के लेखक और निर्देशक कृष्णदेव याग्निक हैं और इसे कल्पेश सोनी तथा क्रुणाल सोनी ने प्रोड्यूस किया है. यह फिल्म पूरे भारत में 27 अगस्त को गुजराती में 'वश लेवल 2' और हिंदी में 'वश विवश लेवल 2' के नाम से रिलीज होगी.

# श्रुति हासन ने साउथ और बॉलीवुड में बताया अंतर

अभिनेत्री श्रुति हासन ने हाल ही में बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के अपने अनुभव को साझा किए. उन्होंने बताया कि साउथ के सितारे बॉलीवुड के सितारों की तुलना में अधिक विनम्र और ईश्वर भक्त होते हैं.

श्रुति ने कहा कि उन्होंने कहा कि बॉलीवुड की तुलना में साउथ में जागरूकता और आध्यात्मिकता का स्तर अधिक है. साउथ के अभिनेता विनम्र रहते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि सरस्वती का आशीर्वाद उनसे दूर न जाए. श्रुति ने बताया कि साउथ के सेट पर छोटी-छोटी परंपराएं निभाई जाती हैं, जैसे सुबह नारियल रखना या किसी देवता की तस्वीर सेट पर रखना. सेट पर नियमों का पालन होता है, साथ ही अभिनेता और कर्मचारी इस बात का ध्यान रखते हैं कि वे कैसे व्यवहार करते हैं. श्रुति ने आगे कहा कि साउथ में लोग सादगी पसंद करते हैं. वहां लोग बहुत पैसे होने के बावजूद साधारण कपड़े पहनते हैं और पुरानी कारों का इस्तेमाल करते हैं. उन्होंने कहा, हम सिर्फ कला के माध्यम हैं. अच्छी फिल्म, कहानी या गाना ही असली माध्यम है. हमारा काम कला को लोगों तक पहुंचाना है. श्रुति ने आगे कहा कि संगीत सीखने और लंबे समय तक लोगों के साथ काम करने से उन्हें विनम्र रहना और अपना काम पूरी मेहनत से करना सीखने में मदद मिली. श्रुति ने बॉलीवुड में लक, दिल तो बच्चा है जी और डी-डे जैसी फिल्मों में काम किया है. हाल ही में वे रजनीकांत की फिल्म कुली में नजर आईं, जिसका निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है. यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज हुई थी.



# चहल के साथ तलाक पर धनश्री ने कही ये बात

भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ तलाक के बाद पहली बार यूट्यूबर-डांसर और एक्ट्रेस धनश्री वर्मा ने इस पर बात की है. उन्होंने तलाक के वक्त से लेकर इसके बाद हुई सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग तक पर खुलकर अपनी राय रखी. तलाक को एक इमोशनल पल बताते हुए उन्होंने कहा कि वो उस वक्त पूरी तरह से टूट गई थीं और सबके सामने ही रोने लगी थीं.धनश्री ने तलाक को लेकर बात की.

उन्होंने कहा कि तलाक को कोई भी सेलिब्रेट नहीं करता. यह एक भावुक पल होता है. यही वजह है कि जब हम तलाक वाले दिन कोर्ट में पहुंचे थे और जब ये प्रक्रिया शुरू हुई, तो मैं रो पड़ी थी. उन्होंने कहा कि ये ऐसा वक्त होता है जब आपको काफी मेच्योरिटी दिखानी पड़ती है.मैंने ये किया, मैंने ऐसे कोई बयान भी नहीं दिए और फैमिली की प्राइवेसी का पूरा ध्यान रखा. जब आप शादी करते हैं तो आप एक-दूसरे से प्यार में होते हैं. लेकिन जब आप अलग होते हैं और आप परिवार की इज्जत और प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए कुछ नहीं कहते हो. इसका मतलब ये नहीं होता कि किसी को आपका फायदा उठाने का हक मिल गया है. आपको उसका अपमान करने का कोई हक नहीं है.



# शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' ने पूरे किए 1000 एपिसोड्स



सोनी सब के बहुप्रशंसित शो पुष्पा इम्पॉसिबल ने 1000 एपिसोड पूरे कर लिये हैं. करुणा पांडे द्वारा निभाई गई पुष्पा की यह कहानी एक दृढ़ निश्चयी, अकेली मां की है, जो अपने सपनों से कभी समझौता नहीं करती. पुष्पा का किरदार निभा रहीं करुणा पांडे ने कहा, पुष्पा मेरे अस्तित्व का हिस्सा बन गई है.उसकी ताकत, उसकी मासूमियत, उसकी कभी हार न मानने वाली सोच. दर्शकों ने मुझे अपार प्यार दिया है, और वही मुझे हर सीन, हर चुनौती में आगे बढ़ाता रहा है. हर दिन मैंने उसकी हिम्मत, समझदारी और जज़्बे से कुछ नया सीखा. मैं भावुक और अभिभूत हूं.1000 एपिसोडज अभी भी यकीन नहीं होता ! यह यात्रा मेरे लिए जीवन बदलने वाली रही है. मैं जेडी सर, पूरे कलाकार दल, तकनीकी टीम और सोनी सब की बेहद आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे ऐसा किरदार दिया जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा.

पुष्पा इम्पॉसिबल के निर्माता जेडी मजीठिया ने कहा, 1000 एपिसोड तक पहुंचना सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं है.यह दृढ़ता, कहानी कहने की कला और एक शो व दर्शकों के बीच अटूट रिश्ते का प्रमाण है. पुष्पा इम्पॉसिबल एक जिंदादिल, हिम्मती महिला की कहानी के रूप में शुरू हुआ था, जो दिल और हौसले के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करती है. समय के साथ यह केवल एक टीवी शो नहीं रहा,बल्कि लाखों दर्शकों के लिए रोज़मर्रा के संघर्ष, उम्मीद और जीत का आईना बन गया.

# रुक्मिणी वसंत की हुई कांतारा यूनिवर्स में एंट्री

**दक्षिण** भारतीय फिल्म अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत फिल्म कंतारा चैप्टर 1 में काम करती नजर आयेंगी.



सप्ता सगरदाचे एलो में अपनी परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतने वाली रुक्मिणी अब ऋषभ शेट्टी के साथ कांतारा यूनिवर्स के इस ग्रैंड एक्सपेंशन का हिस्सा बन चुकी हैं. उनके लिए यह मौका किसी सपने से कम नहीं.

रुक्मिणी ने बताया, मुझे इस फिल्म का ऑफर पिछले साल ही आया था. तभी मेरी मुलाकात ऋषभ सर से हुई. उन्होंने कहानी सुनाई और पूछा कि क्या मैं इस सफर का हिस्सा बनना चाहूंगी. सच कहूं तो उस वक्त लगा कि अरे वाह, सपना तो यहीं पूरा हो गया ! हालांकि खुशखबरी मिलने के बाद भी रुक्मिणी को राज़ छुपाकर रखना पड़ा.


# मनु क्या करेगा का तीसरा गाना तेरी यादें रिलीज

**रोमांटिक** म्यूज़िकल फ़िल्म मन्नु क्या करेगा का नया गाना 'तेरी यादें' रिलीज हो गया है.

हमनवा और सैयां के बाद, निर्माता शरद मेहरा के क्यूरियस आइज़ सिनेमा ने अब फ़िल्म मनु क्या करेगा का तीसरा गाना 'तेरी यादें' पेश किया है, जिसे निशिकांत रामटेके ने संगीतबद्ध किया है. यह एक दिल छू लेने वाला रोमांटिक गीत है, जिसे मॉरीशस के मनमोहक नज़ारों में फिल्माया गया है, और इसमें नए जोड़ीदार व्योम और साची बिंद्रा की प्यारी केमिस्ट्री निखरकर सामने आती है.

# सिनेमा में काम करना चाहते हैं अदिवी शेष

जानेमाने अभिनेता अदिवी शेष का कहना है कि वह दिल को छू लेने वाले सिनेमा में काम करना चाहते हैं.



अदिवी शेष अब पैन-इंडिया सिनेमा का नया चेहरा बनने जा रहे हैं, वह भी एक नहीं बल्कि दो बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ. ये दोनों फिल्में अलग-अलग जॉनर, पैमाने और कहानियों से भरी हुई हैं. अदिवी की हिंदी फिल्म 'डकैत', जो एक्शन-थ्रिलर और गहरी लव स्टोरी का अनोखा मेल है. इस फिल्म में अदिवी शेष, मृणाल ठाकुर के साथ नज़र आएंगे. फिल्म की रिलीज़ क्रिसमस 2025 पर होने वाली है. इसके बाद उनकी पैन-इंडिया फिल्म 'जी2 2' रिलीज होगी, जो उनके कल्ट स्पाई-थ्रिलर गुडाचारी का सीक्वल है. यह फिल्म एक मई 2026 को रिलीज़ होगी और इसमें वामिका गब्बी भी एक दमदार किरदार में दिखेंगी.

अपने इस नए सफर के बारे में अदिवी शेष ने कहा, मैं हमेशा मानता हूं कि अच्छा सिनेमा भाषा की सीमाओं से ऊपर होता है. डकैत और जी2 के साथ मैं सिर्फ बड़े पैमाने का नहीं, बल्कि दिल को छू लेने वाला सिनेमा करना चाहता हूं. डकैत एक इमोशनल एक्शन-थ्रिलर है, जो प्यार और तड़प की कहानी कहती है.

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी

# व्हाट्सएप का नया सेफ्टी ओवरव्यू टूल लॉन्च

**मेटा** के स्वामित्व वाले इंस्टैंट मैसेजिंग एप व्हाट्सएप ने यूजर्स को ऑनलाइन धोखाधड़ी और स्कैम से बचाने के लिए एक नया 'सेफ्टी ओवरव्यू' टूल पेश किया है. इस फीचर के जरिए जब कोई अंजान व्यक्ति यूजर को किसी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ता है, तो उसे अलर्ट भेजा जाएगा. इस टूल में ग्रुप से जुड़ी अहम जानकारी और सुरक्षा से संबंधित टिप्स दिखाई जाएंगी. यूजर चाहें तो बिना ग्रुप चैट देखे ही उसमें से एग्जिट कर सकते हैं. यदि ग्रुप परिचित लगे, तो पूरा चैट खोलकर भी जांच की जा सकती है.

व्हाट्सएप ने बताया कि ऐसे नए ग्रुप्स से आने वाले नोटिफिकेशन तब तक साइलेंट रहेंगे, जब तक यूजर खुद यह तय न कर लें कि वे उसमें बने रहना चाहते हैं या नहीं.

कंपनी अब एक ऐसा फीचर भी टेस्ट कर रही है, जिससे अगर कोई यूजर किसी अंजान व्यक्ति से चैट शुरू करता है, तो उसे उस व्यक्ति की पहचान से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी दी जाएगी. इससे यूजर निर्णय लेने में ज्यादा सक्षम होंगे.

व्हाट्सएप ने जानकारी दी कि वह दक्षिण पूर्व एशिया में सक्रिय स्कैम सेंटर्स पर भी नजर रखे हुए है, जहां जबरन मज़दूरी के जरिए अपराधी गिरोह इनका संचालन करते हैं.

# एप्पल लॉन्च कर सकता है फोल्डेबल आईफोन

**कंपनी 2026 में अपना पहला फोल्डेबल आईफोन लॉन्च कर सकती है, हालांकि एपल ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्रों और विश्लेषकों की मानें तो यह नया डिवाइस आईफोन18 सीरीज के साथ 2026 की दूसरी छमाही में पेश किया जा सकती है .**


एप्पल अब फोल्डेबल स्मार्टफोन की दुनिया में कदम रखने की तैयारी कर रहा है. ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी 2026 में अपना पहला फोल्डेबल आईफोन लॉन्च कर सकती है, हालांकि एपल ने इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन इंडस्ट्री के अंदरूनी सूत्रों और विश्लेषकों की मानें तो यह नया डिवाइस आईफोन18 सीरीज के साथ 2026 की दूसरी छमाही में पेश किया जा सकती है.

यह फोल्डेबल आईफोनएपल के डिजाइन में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव लाएगा. आईफोन के बाद यह सबसे महत्वपूर्ण रीडिजाइन माना जा रहा है. यह डिवाइस बुक-स्टाइल फोल्डिंग डिजाइन में आ सकता है, ठीक वैसे ही जैसे Samsung का Gala&y Z Fold मॉडल. इसमें एक बड़ी इनर डिस्प्ले और एक छोटी कवर स्क्रीन हो सकती है, जो जल्दी एक्सेस के लिए इस्तेमाल होगी.




JPMorgan के एनालिस्ट समीक चटर्जी ने बताया कि फोल्डेबल आईफोन में 7.8 इंच की इनर डिस्प्ले और 5.5 इंच की आउटर डिस्प्ले हो सकती है. ये स्क्रीन साइज Samsung के Fold मॉडल से थोड़े छोटे हैं, लेकिन एपल का फोकस एक स्लिम और प्रीमियम डिजाइन पर हो सकता है. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एपल ऐसा तंत्र ला सकता है जिससे स्क्रीन पर फोल्ड की लाइन यानी क्रीज दिखाई न दे. यह उन्नत हिंज टेक्नोलॉजी या नई तरह की फ्लेक्सिबल डिस्प्ले मैटेरियल से संभव हो सकता है.

**कीमत और संभावित फीचर्स-** फोल्डेबल आईफोन की शुरुआती कीमत लगभग .1,999 यानी भारतीय करेंसी में 1.75 लाख रुपये के आसपास हो सकती है. यह एपल की प्रीमियम कैटेगरी में भी अल्ट्रा-प्रीमियम डिवाइस होगा. एनालिस्ट्स का मानना है कि पहले कुछ वर्षों में ही कंपनी इस मॉडल के कई मिलियन यूनिट्स बेच सकती है और अरबों डॉलर की कमाई कर सकती है.



# पूर्ण चंद्र ग्रहण के लिए हो जाइए तैयार

आसमान में जल्दी ही एक ऐसा नजारा देखने को मिलेगा, जिसका खगोल विज्ञान में रूचि रखने वालों को इंतजार रहता है. 7 सितंबर, 2025 को पूर्ण चंद्र ग्रहण होने जा रहा है. इस दौरान चांद का रंग बदलकर लाल हो जाएगा, जिसे ब्लड मून कहा जाता है.

एशियाई देशों और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में 7 सितंबर का पूर्ण चंद्र ग्रहण शुरू से अंत तक देखा जा सकेगा. दुनिया के कई दूसरे हिस्सों में इस ग्रहण के कुछ चरणों की झलक लोगों को देखने के मिल सकेगी.

7 सितंबर का पूर्ण चंद्र ग्रहण भारत , चीन, रूस, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी अफ्रीका और अरब देशों के रहने वाले लोगों को सबसे अच्छे से देखने को मिलेगा. यह ग्रहण उत्तरी अमेरिका में दिखाई नहीं देगा लेकिन अलास्का के पश्चिमी भाग में आंशिक चंद्र ग्रहण दिखेगा. ब्रिटेन और पश्चिमी यूरोप में रहने वालों के लिए चंद्रमा के उदय होते ही ग्रहण का कुछ अंश देखने का मौका होगा.

### भारत में चंद्र ग्रहण का समय

भारत में चंद्र ग्रहण 7 सितंबर को रात 08ः58 बजे शुरू होकर 8 सितंबर को 01ः25 तक चलेगा. इस दौरान लाल या नारंगी रंग का चंद्रमा ( ब्लड मून ) रहेगा. पूर्ण चंद्र ग्रहण तब होता है, जब पृथ्वी की छाया पूरी तरह से चांद की सतह पर पड़ती है. सूर्य का प्रकाश चंद्रमा की डिस्क को रोशन करता है लेकिन बीच में पृथ्वी होने से सूर्य के प्रकाश को चंद्रमा तक पहुंचने से पहले पृथ्वी के वायुमंडल से होकर गुजरता है.

# पृथ्वी की तरफ बढ़ रहा धूमकेतू एक एलियन शिप

**अंतरिक्ष** से एक अजीब और रहस्यमय वस्तु तेज़ी से हमारी धरती की ओर बढ़ रही है. यह वस्तु इतनी तेज़ है कि इसकी रफ्तार 1,35,000 मील प्रति घंटे बताई जा रही है. हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवी लोएब का दावा है कि यह कोई साधारण धूमकेतु नहीं, बल्कि एलियंस का स्पेसक्राफ्ट हो सकता है. इस खबर ने वैज्ञानिक जगत को हिला कर रख दिया है और दुनियाभर में चर्चा का विषय बन गई है. आइए, जानते हैं इस रहस्यमय वस्तु के बारे में विस्तार से, और क्या सच में 116 दिन बाद हमारे सामने कोई बड़ा खतरा या घटना आने वाली है?

**116 दिनों में धरती के करीब पहुंचेगा रहस्यमय स्पेस ऑब्जेक्ट-** 3 जुलाई 2025 को अंतरिक्ष के वैज्ञानिकों ने एक नई वस्तु 3द्ब/ह्लद्यड्डह्य का पता लगाया. इसे देखने के बाद से ही वैज्ञानिक इस पर नजर बनाए हुए हैं. इस वस्तु की गति इतनी ज़ोरदार है कि यह 1,35,000 मील प्रति घंटे की रफ्तार से धरती की तरफ बढ़ रही है. इसका आकार



लगभग 20 से 24 किलोमीटर तक का आंका गया है, जो इसे एक बहुत बड़ी वस्तु बनाता है. हार्वर्ड के प्रोफेसर एवी लोएब के अनुसार, इस रहस्यमय वस्तु के धरती के करीब आने का समय 21 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 के बीच हो सकता है. यानी धरतीवासी के पास सिर्फ 116 दिन बचे हैं जब तक कि यह वस्तु हमारे पास पहुंचेगी. प्रोफेसर लोएब ने यह भी सुझाव दिया है कि यह वस्तु एलियन की स्पेसशिप हो सकती है, जो या तो हमें बचाने आ रही है या फिर खतरा भी बन सकती है.

**वैज्ञानिकों में मतभेदः खतरे की संभावना या सामान्य धूमकेतु?-** इस दावे को लेकर वैज्ञानिकों के बीच मतभेद भी देखने को मिल रहे हैं. जहां प्रोफेसर लोएब इसे एलियन स्पेसक्राफ्ट मानते हैं, वहीं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एस्ट्रोनॉमर क्रिस लिंटोट ने इस दावे को बेबुनियाद और बकवास बताया है. उन्होंने कहा है कि यह केवल एक सामान्य धूमकेतु है, जिसमें कोई खतरा नहीं है. नासा और यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने भी इस वस्तु को एक सामान्य अंतरिक्षीय धूल और बर्फ की बनी हुई धूमकेतु माना है.